प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायाधीश, सम्भल, स्थित चन्दौसी।

प्रशासनिक आदेश संख्या : 146 /2020, दिनांक–01.07.2020

आदेश

जिलाधिकारी, सम्भल की ओर से अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0), जनपद सम्भल का पत्र सं0–2999/रीडर/कोविड–19/2020–21 दिनांकित–30 जून, 2020 ई–मेल के माध्यम से दि0–30.06.2020 को रात्रि में 10.49 बजे प्राप्त हुआ है, जिसमें यह उल्लिखित किया गया है कि दिनांक–30.06.2020 को श्री विकास पुत्र श्री हरीश चन्द्र सक्सेना निवासी शक्ति नगर, चन्दौसी, आयु 42 वर्ष की कोविड–19 सम्बन्धी आर0टी0पी0सी0आर0 रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुई है, उक्त मरीज दिनांक–27.06.2020 को दिल्ली से सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दौसी आया था, जिसका कोविड–19 की जांच हेतु सैम्पल कराकर होम क्वारेन्टाईन करा दिया गया था, उक्त मरीज के निवास स्थल से जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी की दूरी लगभग 100 मीटर होगी। अतः जनपद न्यायालय कन्टेनमेन्ट जोन में आ गया है। पत्र के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सम्भल द्वारा जिलाधिकारी, सम्भल को सम्बोधित उपरोक्त आशय के पत्र की प्रति भी संलग्न की गयी है।

अतः उपरोक्त आख्या के आधार पर जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी परिसर कन्टेनमेन्ट जोन में स्थित होने के कारण माननीय उच्च न्यायालय के पत्र सं0--1117/LXXXVII-CPC/e-Courts/Allahabad/Dated 03-06-2020 के पैरा सं0–14 में दिए गए निर्देशानुसार आज दिनांक–01.07.2020 से कन्टेनमेन्ट जोन में रहने के दौरान जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी बन्द रहेगा। चूँकि किशोर न्याय बोर्ड, सम्भल स्थित चन्दौसी, जनपद न्यायालय परिसर में स्थित नहीं है और कन्टेन्मेन्ट जोन में भी नहीं है, अतः किशोर न्याय बोर्ड, सम्भल स्थित चन्दौसी यथावत् कार्य करेगा।

इस आदेश की प्रति जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चन्दौसी की वेबसाइट पर अपलोड की जाये।

AKTripathi 01/07/20
(अश्विनी कुमार त्रिपाठी)
जनपद न्यायाधीश,
सम्भल स्थित चंदौसी।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण,
2. जिलाधिकारी, सम्भल,
3. पुलिस अधीक्षक, सम्भल,
4. मुख्य चिकित्साधिकारी, सम्भल
5. अध्यक्ष/सचिव, चन्दौसी, बार एसोसिएशन, चन्दौसी, (सम्भल)
6. अध्यक्ष/सचिव, व्यवहार एवं सत्र बार एसोसियेशन, चन्दौसी, जिला सम्भल,
7. जिला शासकीय अधिवक्ता(फौजदारी), सम्भल,
8. संयुक्त निदेशक अभियोजन, सम्भल,
9. अधीक्षक, जिला कारागार, मुरादाबाद।

AKTripathi 01/07/20
जनपद न्यायाधीश,
सम्भल स्थित चंदौसी।